
DATE :- 05-08-2026

DAINIK BHASKAR, PAGE-02, SURAT

# मेट्रो प्रोजेक्ट: रघुकुल टेक्सटाइल मार्केट के पास 86 मीटर लंबा ओपेन वेब गर्डर लॉन्च किया, इसका वजन 150 हाथियों के बराबर



**सूरत** | मेट्रो रेल प्रोजेक्ट में सारोली से भेसान के बीच सीएस-06 पैकेज के तहत रघुकुल मार्केट के पास पिलर संख्या P564 से P565 के बीच 86 मीटर लंबे ओपन वेब गर्डर की सफल लॉन्चिंग हुई। यह अब तक लाइन-2 पर लगाए गए सबसे लंबे स्टील गर्डरों में से एक है। इस स्टील गर्डर का वजन लगभग 900 टन है। तुलना करें तो यह वजन लगभग 150 एशियाई हाथियों, 180 एसयूवी कारों के संयुक्त वजन के बराबर है। इतनी भारी संरचना को सटीकता के साथ लॉन्च किया गया।

## भास्कर नॉलेज

### क्या होता है ओपन वेब गर्डर?

ओपन वेब गर्डर (ओडब्ल्यूजी) एक विशेष प्रकार का जाली जैसा स्टील गर्डर होता है। इसका उपयोग वहां किया जाता है जहां सामान्य प्रीकास्ट यू-गर्डर या बॉक्स गर्डर लगाना संभव नहीं होता। बड़े चौराहों, बाजारों, व्यस्त सड़कों पर बिना बीच में पिलर बनाए ऐसे गर्डर इस्तेमाल किए जाते हैं।